## मुख्य विकास अधिकारी (अध्यक्ष चयन समिति) / जिलाधिकारी:–

कृपया पत्रावली में रक्षित शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022 –2/1(22)10 टी.सी. दिनॉक–21 मार्च, 2023 **(पताका 'क')** एवं निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक संख्या सी0–1711/दिनांक 01 मार्च 2024 **(पताका 'DR1')** एवं पत्रांक सी0–1748/दिनांक 06.03.2024 का **(पताका 'DR2')** सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके द्वारा आंगनबाडी भर्ती के द्वितीय चरण में आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर विज्ञप्ति प्रकाशन करते हुए चयन की कार्यवाही विभागीय पोर्टल upanganwadibharti.in के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये है। तत्क्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रस्तुतकर्ता द्वारा जनपद के रिक्त 188 आंगनबाडी केन्द्रों को वैकेंसी मैनेजमेंट पोर्टल पर फीड किया गया। फेस 2 में 19 आंगनबाडी सहायिकाओं का चयन आंगनबाडी कार्यकत्री के पद पर किया गया तथा 02 आंगनवाडी सहायिकाओं के अभिलेख संदिग्ध पाये जाने के कारण अभिलेखों की जॉच प्रकियारत है, अवशेष 167 रिक्त आंगनबाडी केन्द्रों पर आंगनबाडी कार्यकत्री के पद हेतु सीधी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित करना उचित होगा। जिसका विवरण इस प्रकार है।

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | परियोजना का नाम | GEN | OBC | SC | EWS | Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औरैया | ऐरवाकटरा | 2 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| 2 | औरैया | सहार | 4 | 2 | 1 | 0 | 7 |
| 3 | औरैया | अछल्दा | 5 | 4 | 2 | 0 | 11 |
| 4 | औरैया | औरैया शहर | 5 | 6 | 4 | 0 | 15 |
| 5 | औरैया | बिधूना | 9 | 9 | 2 | 2 | 22 |
| 6 | औरैया | औरैया ग्रामीण | 16 | 4 | 6 | 2 | 28 |
| 7 | औरैया | भाग्यनगर | 20 | 5 | 8 | 3 | 36 |
| 8 | औरैया | अजीतमल | 18 | 10 | 13 | 2 | 43 |
| कुल | | | **79** | **41** | **38** | **9** | **167** |

अतः महोदया/महोदय आंगनबाडी कार्यकत्री के उपरोक्त रिक्त पदों पर सम्मुख रक्षित विज्ञप्ति प्रकाशित करने एवं विभागीय पोर्टल upanganwadibharti.in पर फीड/अपलोड करने हेतु सहमति की दशा में अनुमोदन देना चाहें।

Birendra K
12/3/24
जिला कार्यक्रम अधिकारी
औरैया।

अध्यक्ष चयन समिति
13/3/24

14/3/24
जिलाधिकारी
औरैया

# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, औरैया।

पत्र संख्या– 996 /जि०का०अधि०/बा०वि०परि०/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक– 14, मार्च, 2024

## विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/50–1–2022– 2/1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद औरैया के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार /परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

| क्रम संख्या | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | ऐरवाकटरा | ग्रामीण | 5 |
| 2 | सहार | ग्रामीण | 7 |
| 3 | अछल्दा | ग्रामीण | 11 |
| 4 | औरैया शहर | शहरी | 15 |
| 5 | बिधूना | ग्रामीण | 22 |
| 6 | औरैया ग्रामीण | ग्रामीण | 28 |
| 7 | भाग्यनगर | ग्रामीण | 36 |
| 8 | अजीतमल | ग्रामीण | 43 |
| | कुल | | 167 |

**(नोटः– उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ़ सकती है।)**

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार /परियोजनावार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–**

1. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदो (आंगनवाड़ी कार्यकत्री /सहायिकाओं) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञाप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम **तिथि 04.04.2024 मध्य रात्रि 12:00** बजे तक होगी।

**वरीयता :–**

1. उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला ।
2. विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की अन्य महिला।
3. उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाली परिवार की महिलाऐं।
4. उसी ग्राम सभा में उपरोक्त किसी भी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित न्याय पंचायत में से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

**आरक्षण :–**

1. जो पद जिस श्रेणी हेतु आरक्षित है, उसी श्रेणी के आवेदन मान्य होंगे। अनारक्षित श्रेणी के पदों पर किसी भी जाति के आवेदन स्वीकार किये जा सकेंगे।
2. आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व मिनी आंगनवाडी केन्द्र की कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की नियुक्ति में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विकलांग एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अश्रितों तथा अर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) हेतु समय समय पर शासन द्वारा जारी आरक्षण से सम्बन्धित शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा।

**नोट :–**

1. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाणपत्र एवं परिवार पंजिका की नकल हीं मान्य होंगे।
2. तलाकशुदा/परित्यागता के सम्बन्ध में मा० न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगें।
3. आय के सम्बन्ध में तहसील द्वारा निर्गत नवीन (विज्ञापन जारी होने की तिथि से 06 माह पूर्व का मान्य नही) ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
4. निवास एवं जाति प्रमाणपत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर निर्गत निवास एवं जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(बीरेन्द्र कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
औरैया।